देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 93 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**अनिश्चितता में सुरक्षित निवेश सोना



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 9 जुलाई 2021



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0° | 42243.40 | 2 ओमान ने दिया बड़ा झटका | 7 हुरकाज ने रोजर फेडरर को हराया

# ट्विटर को मानना ही होगा कानून

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर को भारत में काम करना है तो उसे यहां के कानून मानने होंगे। वह मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकती है। नए केंद्रीय सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यह बात साफ कर दी। अश्विनी वैष्णव ने रविशंकर प्रसाद की जगह ली है। इसके पहले ट्विटर और प्रसाद लगातार आमने-सामने रहे हैं। इसकी वजह ट्विटर का नए आईटी नियमों का पालन करने में आनाकानी रही है।

वैष्णव ने कहा कि भारत में जो लोग रहते हैं और काम करते हैं, उन्हें देश के नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने भाजपा महासचिव बीएल संतोष के साथ यहां पार्टी कार्यालय में बैठक के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि कहा कि भारत में जो कोई रहता है और काम करता है, उसे देश के नियमों का अनुपालन करना होगा।

ताजा आदेश के बाद सरकार के लिए ट्विटर के खिलाफ सख्त कदम उठाने का रास्ता साफ होगा। वहीं, ट्विटर के लिए दिक्कतें बढ़ेंगी। सरकार के नए आईटी नियम मई से अमल में हैं। यह अलग बात है कि ट्विटर इन्हें लागू करने में लगातार आनाकानी करता रहा है।


नए नियमों के अनुसार, सोशल मीडिया कंपनियों को भारत में एक नोडल अधिकारी, शिकायत अधिकारी और अनुपालन अधिकारी नियुक्त करना जरूरी है। जब कोर्ट ने ट्विटर से सवाल किया कि वह शिकायत निवारण अधिकारी को कब तक रिक्रूट करेगा तो उसने इसका गोलमोल जवाब दिया। उसने बताया कि उसने एक चीफ कम्प्लायंस ऑफिसर नियुक्त किया है। इसे थर्ड पार्टी कॉन्ट्रैक्टर के जरिये नियुक्त किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को जानकारी दी गई है। कोर्ट ने तब खिंचाई करते हुए ट्विटर से कहा था कि वह गलत तथ्य पेश करने की गलती नहीं करे।

## प्रसाद गए पर नए आईटी मंत्री ने ट्विटर को कह दी खरी-खरी

**क्या कहते हैं नए आईटी नियम**

सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों के लिए नए आईटी नियमों की घोषणा की है। नए आईटी नियम 26 मई 2021 से अमल में आ गए हैं। नए नियमों के तहत ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसी बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों को अतिरिक्त उपाय करने की जरूरत है। इसमें भारत में मुख्य अनुपालन अधिकारी, नोडल अधिकारी और शिकायत अधिकारी की नियुक्ति आदि शामिल हैं। प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को नए नियमों के अनुपालन के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का अनुपालन नहीं कर रहा है, उन्होंने



**नियमों के उल्लंघन पर केंद्र किसी तरह की कार्रवाई करने के लिए आजाद**

माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर की मुसीबतें बढ़ती दिख रही हैं। केंद्र सरकार और अमेरिकी कंपनी में तनातनी के बीच अब दिल्ली हाईकोर्ट से भी उसे बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने बड़े साफ शब्दों में कहा है कि दिग्गज सोशल मीडिया कंपनी अगर आईटी नियमों का उल्लंघन करती है तो केंद्र उसके खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने के लिए आजाद है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 28 जुलाई मुकर्रर की है। ट्विटर को अंतरिम अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में एक हलफनामा दाखिल करना है। पिछली तारीख पर भी हाईकोर्ट ने ट्विटर को फटकार लगाई थी।

### लगातार रही है ट्विटर और सरकार की तकरार

हाल में दिनों में ट्विटर और सरकार के बीच लगातार तकरार रही है। कुछ दिन पहले ही ट्विटर ने केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर का ट्विटर अकाउंट कुछ समय के लिए लॉक कर दिया था। इसके लिए उसने अमेरिकी कानूनों का हवाला दिया था। माइक्रोब्लॉगिंग साइट ने उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत कई नेताओं के ट्विटर हैंडल से ब्लू टिक हटा दिया था। उसने बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा के पोस्ट पर मैनिपुलेटेड मीडिया का टैग लगा दिया था। ट्वटर इन नियमों का पालन करने से ना-नुकुर करती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### नए कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रभार संभाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा सांसद किरण रिजिजू ने गुरुवार को जैसे ही कानून और न्याय मंत्रालय का कार्यभार संभाला, उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकता होगी। समारोह के दौरान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मंत्री ने कहा, कानून और न्याय मंत्री के रूप में कार्य करना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है।

### कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान में बताया गया है कि मानसून की ट्रफ रेखा उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश से उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक दक्षिण बिहार और उत्तरी झारखंड होकर गंगीय पश्चिम बंगाल से होकर गुजर रही है। साथ एक और ट्रफ रेखा झारखंड से ओडिशा होकर गुजर रही है।

## एग्री और हेल्थ सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान

### मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में नई कैबिनेट की बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में कई बड़े फैसले लिए गए। इन फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बीते सात वर्षों में लगातार किसानों के हित में कई फैसले लिए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार नारियल की खेती को बढ़ाने के लिए नारियल बोर्ड अधिनियम में संशोधन करने जा रही है। नारियल बोर्ड का अध्यक्ष एक गैर-सरकारी व्यक्ति होगा। यह व्यक्ति किसान वर्ग से होगा जो खेत के काम को जानते और समझते हैं।

तोमर ने कहा हमारे देश में एक बड़े क्षेत्र में नारियल की खेती होती है। इसका उत्पादन बढ़े और किसानों को सहूलियत दिया जा सके इसके लिए 1981 में नारियल बोर्ड एक्ट लाया गया था इसमें हम संशोधन करने जा रहे हैं। बोर्ड का अध्यक्ष गैर शासकीय व्यक्ति होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री कहा कि यह किसानों के बीच से ही होगा जो खेती किसानी के कामों को जानते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पहले कहा गया था कि एपीएमसी को मजबूत किया जाएगा। एपीएमसी को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। अब किसान इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड को आत्मनिर्भर भारत के तहत आवंटित एक लाख करोड़ रुपये का इस्तेमाल एपीएमसी द्वारा किया जा सकता है।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एपीएमसी को खत्म नहीं किया जाएगा। कृषि कानूनों के लागू होने के बाद एपीएमसी को केंद्र के इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से करोड़ों रुपये मिलेंगे जो उसे मजबूत करेगा। इससे ज्यादा किसानों को फायदा पहुंचेगा।



**नए हेल्थ मिनिस्टर का नया प्लान**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए बड़े फैसले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में हुई समस्याओं से निपटने के लिए 23 हजार करोड़ रुपये का पैकेज दिया जाएगा। इसका इस्तेमाल केंद्र और राज्य सरकारें संयुक्त रूप से करेंगी।

## दिसम्बर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य

**संवाददाता**

देहरादून। वैश्विक महामारी कोरोना की तीसरी लहर की सम्भावनाओं को देखते हुए राज्य में दिसम्बर 2021 तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है। इस कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य, जनपद एवं विधानसभा स्तर पर समितियों का गठन किया जायेगा। स्वच्छता अभियान के तहत राज्यभर के अस्पतालों में प्रत्येक 15 दिन में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जायेगा। कोरोना काल के दौरान बेहत्तर कार्य करने के लिए डाक्टरों से लेकर आशाओं तक को सम्मानित करने का फैसला लिया गया है।

यह बात प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिसम्बर 2021 तक 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों का वैक्सीनेशन कराने का लक्ष्य रखा है ताकि सूबे में कोरोना महामारी से शत प्रतिशत बचाव किया जा सकेगा। इस कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए शासन स्तर पर 5 सदस्यी उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। समिति प्रत्येक 15 दिन में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसी प्रकार जनपद स्तर जिलाधिकारी एवं विधानसभा स्तर पर क्षेत्रीय विधायक की अध्यक्षता में समितियों का गठन किया जायेगा जो वेक्सीनेशन एवं कोविड रोकथाम संबंधी अन्य व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करेगी।

स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और बेहत्तर बनाने के लिए प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक सहित सहायक स्टाफ की तैनाती एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं।

**बैठक**

■राज्य,जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर समितियों का होगा गठन

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## 100 से अधिक देशों में पहुंचा डेल्टा वैरिएंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जानलेवा डेल्टा वैरिएंट अब तक दुनिया के 100 देशों में दस्तक दे चुका है। अमेरिका समेत यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कई देशों में इसके मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में भी इसके दो नए मामले सामने आए हैं। इस बीच रायटर ने रूसी एजेंसी तास के हवाले से खबर दी है कि उनकी बनाई कोविवैक वैक्सीन डेल्टा वैरिएंट पर जबरदस्त रूप से प्रभावशाली दिखाई दी है।

एएनआई के मुताबिक कोविड-19 का नया वैरिएंट लैंम्बडा जो कि डेल्टा से भी खतरनाक बताया जा रहा है अब तक दुनिया के 31 से अधिक देशों में दस्तक दे चुका है।

यूरोपीयन यूनियन के कमीश्नर ने डेल्टा वैरिएंट की वजह से प्रतिबंधों को और अधिक बढ़ाने की आशंका को दरकिनार कर दिया है। ईयू की तरफ से कहा गया है कि फिलहाल इसकी कोई जरूरत दिखाई नहीं देती है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल का कहना है कि देश में डेल्टा वैरिएंट का काफी प्रभाव देखा जा रहा है।

**31 से अधिक में जानलेवा लैंम्बडा की दस्तक**